**आकाशवाणीश्रीविजयपुरम**

दिनांक : 09.08.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. सेल्युलर जेल पहुंचकर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि, वीर सावरकर को बताया निर्भीक क्रांतिकारी और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत।
2. उपराष्ट्रपति आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'तिरंगा कॉन्सर्ट ऑन वंदे मातरम्' में शामिल होंगे।
3. मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस ने तटरक्षक बल के साथ शुरू किया 'ऑपरेशन ब्लूशील्ड', अवैध शिकार के खिलाफ कार्रवाई में म्यांमार नागरिक पकड़े गए।
4. समाज कल्याण निदेशालय ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को किया जागरूक, आईआरसीए की परामर्श, उपचार और पुनर्वास सेवाओं की दी जानकारी।

**<><><><><><>**

उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कल अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल का दौरा किया और देश की आजादी के लिए अमूल्य बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप राष्ट्रपति ने शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की और वीर सावरकर की कोठरी में श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्वतंत्र ज्योति, केंद्रीय टावर, फांसीघर, संग्रहालय और प्रदर्शनी दीर्घा का भी दौरा किया। श्री राधाकृष्णन ने स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा पर आधारित लाइट एंड साउंड शो भी देखा। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति ने वीर सावरकर को अद्वितीय और निर्भीक क्रांतिकारी बताया। उन्होंने कहा कि सावरकर का देशभक्ति से ओत–प्रोत जीवन कई पीढ़ियों के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों को जेल भेजने का उद्देश्य उनका मनोबल तोड़ना था, लेकिन सावरकर कभी हतोत्साहित नहीं हुए और अंततः अंग्रेजी राज का मनोबल टूट गया।

इससे पहले, श्री राधाकृष्णन के राजधानी श्री विजयपुरम स्थित आई एन एस उत्क्रोश पहुँचने पर उप राज्यपाल (सेवानिवृत्त एडमिरल) डी. के. जोशी ने उनका स्वागत किया। उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ

ऑनर भी दिया गया। उप राष्ट्रपति दो दिन के द्वीपसमूह के दौरे पर हैं। इस दौरान वे 'हर घर तिरंगा' अभियान के शुभारंभ सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप का भी दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति आज सुबह दस बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम 'तिरंगा कॉन्सर्ट ऑन वंदे मातरम्' में शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति इस अवसर पर सभागार परिसर में लगाई गई 'हर घर तिरंगा' प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल आई आई टी दिल्ली के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने निर्णयों में राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह सोचना चाहिए कि उनके कार्यों से देश को कैसे लाभ हो सकता है और उसकी जरूरतें कैसे पूरी की जा सकती हैं। प्रधानमंत्री आई आई टी दिल्ली के सत्तावनवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पीढ़ी अपने समय की चुनौतियों का सामना करते हुए राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभाती है। अगले 30 से 35 वर्षों में स्नातक विद्यार्थियों का कार्य विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और ड्रोन जैसे नए क्षेत्रों में युवाओं के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार बनेगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर डिगलीपुर के तटीय क्षेत्रों में अवैध शिकार गतिविधियों को रोकने के लिए ऑपरेशन ब्लू शील्ड अभियान के तहत 9 म्यांमारी नागरिकों को पकड़ा। सूचना के आधार पर टीम ने हिरण टिकरी के पास एक संदिग्ध डिंगी देखे जाने के बाद संयुक्त खोज अभियान चलाया और नाव से लगभग 300 किलोग्राम सी कुकंबर और जीवन रक्षक उपकरण जब्त किया। तलाशी अभियान के दौरान टीम ने 5 म्यांमारी नागरिकों को पकड़ा। इसके

बाद स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर और 4 म्यांमारी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय तिरंगे के सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेल्यूट तिरंगा संगठन की ओर से कल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा शाम साढ़े तीन बजे से सेल्यूलर जेल से शुरू होकर गांधी प्रतिमा पहुंचकर सम्पन्न होगी ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत हाल ही में पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मायाबंदर में पहचान और आकलन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आठ विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का आवश्यक स्वास्थ्य आकलन किया। शिविर का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शुरुआती पहचान, आकलन और उन्हें उचित सहायता उपलब्ध कराना था।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय मादक पदार्थ मांग में कमी कार्य योजना के तहत समाज कल्याण निदेशालय ने माइल तिलक गांव और गुप्तापाड़ा फिश लैंडिंग सेंटर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में शराब और मादक पदार्थों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। लोगों को नशामुक्ति और पुनर्वास के लिए एकीकृत नशा पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध परामर्श, उपचार और पुनर्वास सेवाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में युवाओं और अभिभावकों से नशामुक्त समाज बनाने में सहयोग देने की अपील की गई। अंत में प्रतिभागियों ने 'नशे को ना, जिंदगी को हां' की शपथ ली।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग ने एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया। इस वर्ष की थीम थी 'सतत जीवन की शुरुआत के लिए

स्तनपान–जो कारगर है, उसे मजबूत करें'। इस दौरान स्तनपान के महत्व और शिशु एवं छोटे बच्चों के बेहतर पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्तनपान के लाभ और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से राज्यस्तरीय अंडर–13 चेस चयन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में युवा शतरंज खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाग लिया। ओपन वर्ग से रोहन सिंह और सचित बाड़ा तथा बालिका वर्ग से कृष्णप्रिया बी राजेश और आराध्या राय 3 से 9 सितंबर तक पुडुचेरी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अंडर–13 चेस चैंपियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><>